**Series OSS**

Code No. **64/1**
कोड नं.

Roll No.
रोल नं.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- Please check that this question paper contains **8** printed pages and **2** pages of maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **26** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the student will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** हैं तथा **2** पृष्ठ मानचित्रों के हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **26** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# GEOGRAPHY (Theory)

# भूगोल (सैद्धान्तिक)

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 70*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 70*

***General Instructions :***

*(i)* *There are* ***26*** *questions in all.*

*(ii)* *All questions are compulsory.*

*(iii)* *Marks of each question are indicated against it.*

*(iv)* *Questions number* ***1*** *to* ***10*** *are very short answer questions carrying* ***1*** *mark each. Answer to each of these questions should not exceed* ***20*** *words.*

*(v)* *Questions number* ***11*** *to* ***20*** *are short answer questions carrying* ***3*** *marks each. Answer to each of these questions should not exceed* ***80*** *words.*

*(vi)* *Questions number* ***21*** *to* ***25*** *are long answer questions carrying* ***5*** *marks each. Answer to each of these questions should not exceed* ***150*** *words.*

*(vii)* *Question number* ***26*** *is related to identification or locating and labelling of geographical features on maps.*

*(viii)* *Outline maps of the* ***World*** *and* ***India*** *provided to you must be attached within your answer-book.*

*(ix)* *Use of* ***templates*** *or* ***stencils*** *for drawing outline maps is allowed.*

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* प्रश्नों की कुल संख्या **26** है ।

*(ii)* सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

*(iii)* प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके अंक दिये हैं ।

*(iv)* प्रश्न संख्या **1** से **10** तक अति लघु-उत्तर वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न का **1** अंक है । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **20** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।

*(v)* प्रश्न संख्या **11** से **20** तक लघु-उत्तर वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न के **3** अंक हैं । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।

*(vi)* प्रश्न संख्या **21** से **25** तक लंबे-उत्तर वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक हैं । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **150** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।

*(vii)* प्रश्न संख्या **26** मानचित्रों पर दिए गए भौगोलिक लक्षणों को पहचानने या स्थिति दिखाने और नामांकन करने से संबंधित है ।

*(viii)* **संसार** और **भारत** के दिये गये रेखा-मानचित्रों को अपनी उत्तर-पुस्तिका में अवश्य नत्थी कीजिए ।

*(ix)* रेखा-मानचित्र बनाने के लिये **साँचों** या **स्टेंसिलों** के प्रयोग की अनुमति दी जाती है ।

1. Name any two areas of high latitudes in the world, where gathering economic activity is practised. *1*

विश्व में उच्च अक्षांशों के किन्हीं दो क्षेत्रों के नाम बताइए, जहाँ भोजन संग्रह आर्थिक क्रिया की जाती है ।

2. Name the type of most of the great ports of the world. *1*

संसार के अधिकांश महान पत्तनों के प्रकार का नाम बताइए ।

3. Categorise the international trade into two types. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को दो प्रकारों में वर्गीकृत कीजिए ।

4. Which class of cities has the largest number of towns and cities in India ? *1*

भारत में नगरों के किस वर्ग में शहरों और नगरों की संख्या सबसे अधिक है ?

5. Which sector (economic activity) uses most of the surface and ground water in India ? *1*

भारत में कौनसा सेक्टर (आर्थिक क्रिया) धरातलीय और भौम जल का सर्वाधिक उपयोग करता है ?

6. Name the place of Maharashtra, where an atomic power station is located. *1*

महाराष्ट्र के उस स्थान का नाम बताइए, जहाँ एक परमाणु ऊर्जा स्टेशन स्थित है ।

7. Name the iron and steel plant located in Chhattisgarh. *1*

छत्तीसगढ़ में स्थित लोहा और इस्पात संयंत्र का नाम बताइए ।

8. Which country is the largest trading partner of India ? *1*

भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार कौनसा देश है ?

9. Which export commodity of India has the highest value ? *1*

भारत की किस निर्यात वस्तु का सर्वाधिक मूल्य है ?

10. Which is the main source of environmental pollution in India ? *1*

भारत में पर्यावरणीय प्रदूषण का मुख्य स्रोत क्या है ?

11. What type of rural settlements are generally found in the fertile alluvial plains of India ? Mention any two features of such type of settlements. *1+2=3*

भारत के उपजाऊ जलोढ़ मैदानों में सामान्यतः किस प्रकार की ग्रामीण बस्तियाँ पाई जाती हैं ? इस प्रकार की बस्तियों की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

12. Classify industries of the world on the basis of ownership into three groups. State the main feature of each group. $1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}=3$

स्वामित्व के आधार पर विश्व के उद्योगों को तीन वर्गों में बाँटिए । प्रत्येक वर्ग की मुख्य विशेषता बताइए ।

13. How does technology loosen the shackles of environment on human beings ? Explain with examples. 3×1=3

प्रौद्योगिकी मनुष्य पर पर्यावरण की बंदिशों को किस प्रकार कम करती है ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए ।

14. Which are the two factors affecting tourism in the world ? Explain each factor with example. 2+1=3

विश्व में पर्यटन को प्रभावित करने वाले दो कारक कौनसे हैं ? प्रत्येक कारक को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ।

15. Explain any three features of underground mining method used in different countries of the world. 3×1=3

विश्व के विभिन्न देशों में प्रयुक्त भूमिगत खनन विधि की किन्हीं तीन विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए ।

16. How is the difference in national resources a basis of international trade ? Explain with three examples. 3×1=3

राष्ट्रीय संसाधनों में भिन्नता किस प्रकार अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार का आधार है ? तीन उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए ।

17. How is the degradation of cultivable land one of the serious problems in India ? Explain in any three points. 3×1=3

भारत में कृषि-योग्य भूमि का निम्नीकरण किस प्रकार गंभीर समस्याओं में से एक है ? किन्हीं तीन बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए ।

18. How has the introduction of Indira Gandhi Canal irrigation in the drylands of Rajasthan influenced the environmental conditions of the region positively ? Explain in any three points. 3×1=3

राजस्थान की शुष्क-भूमियों में इंदिरा गांधी नहर सिंचाई के शुरू होने से, इस प्रदेश की पर्यावरणीय दशाओं पर किस प्रकार सकारात्मक प्रभाव पड़े हैं ? किन्हीं तीन बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए ।

19. Explain the three types of changes that have affected land use in India. 3×1=3

भारत में भूमि उपयोग को प्रभावित करने वाले तीन प्रकार के परिवर्तनों को स्पष्ट कीजिए ।

20. How do slums develop in India ? Explain any four miserable conditions of the residents of slum areas. 1+2=3

भारत में गन्दी बस्तियाँ किस प्रकार विकसित होती हैं ? गन्दी बस्तियों के निवासियों की किन्हीं चार दयनीय दशाओं को स्पष्ट कीजिए ।

21. Explain the meaning of rural settlements. Describe any four problems related to rural settlements of the world. *1+4=5*

ग्रामीण बस्तियों का अर्थ स्पष्ट कीजिए । विश्व की ग्रामीण बस्तियों से सम्बन्धित किन्हीं चार समस्याओं का वर्णन कीजिए ।

22. What is the importance of air transport ? Describe any four characteristics of air transport system of India. *1+4=5*

वायु परिवहन का क्या महत्त्व है ? भारत की वायु परिवहन प्रणाली की किन्हीं चार विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।


23. What is the meaning of density of population ? Explain with examples four geographical factors influencing the distribution of population in the world. *1+4=5*

जनसंख्या के घनत्व का क्या अर्थ है ? विश्व में जनसंख्या के वितरण को प्रभावित करने वाले चार भौगोलिक कारकों की उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए ।

24. What is the significance of inland waterways ? Explain the three factors responsible for the development of inland waterways in the world. *2+3=5*

अंतःस्थलीय जलमार्गों का क्या महत्त्व है ? विश्व में अंतःस्थलीय जलमार्गों के विकास के लिए उत्तरदायी तीन कारकों को स्पष्ट कीजिए ।

25. Study the given diagram, showing Intra State Migration Streams in India and answer the questions that follow : *1+2+2=5*





*Intra State Migration by Place of Last Residence Indicating Migration Streams (Duration 0 – 9 years), India, 2001*

(25.1) Which migration stream shows the highest number of migrants in both male and female categories ?

(25.2) Why does this migration stream show the highest migration in both the categories ? Give one reason for each.

(25.3) Why do female migrants dominate in all the four streams of migration ? Give two reasons.

दिए गए आरेख का अध्ययन कीजिए । इसमें भारत की अंतःराज्यीय प्रवास की धाराओं को दिखाया गया है । आरेख के नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :




*निवास के अंतिम स्थान के अनुसार अंतःराज्यीय प्रवास दर्शाती प्रवास की धाराएँ (अवधि 0 – 9 वर्ष), भारत, 2001*

(25.1) प्रवास की कौनसी धारा पुरुष और महिला दोनों वर्गों में प्रवासियों की सर्वाधिक संख्या दर्शाती है ?

(25.2) प्रवास की इस धारा के दोनों वर्गों में सर्वाधिक प्रवास क्यों है ? प्रत्येक के लिए एक-एक कारण दीजिए ।

(25.3) प्रवास की सभी चारों धाराओं में महिला प्रवासियों की प्रधानता क्यों है ? दो कारण दीजिए ।

*Note :* *The following question is for the **Blind Candidates** only, in lieu of Q. No. 25.*

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 25 के स्थान पर है ।*

What is migration ? Explain any four factors responsible for the migration of people in India. *1+4=5*

प्रवास किसे कहते हैं ? भारत में लोगों के प्रवास के लिए उत्तरदायी किन्हीं चार कारकों को स्पष्ट कीजिए ।

**26.** (26.1) In the given political outline map of the **World** (on page 9) the following four features are shown : $4\times\frac{1}{2}=2$

A. The country having the largest population in Europe

B. A major seaport

C. A major airport

D. A mega city

Identify these features and write their correct names on the line marked against each feature.

(26.2) In the given political outline map of **India** (on page 11), locate and label the following with appropriate symbols : *3×1=3*

(i) The State having lowest density of population

(ii) The Software Technology Park located in Jammu and Kashmir State

(iii) The major seaport located in Kerala

(26.1) **संसार** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 9 पर) में निम्नलिखित चार लक्षण दिखाए गए हैं :

A. यूरोप में सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश

B. एक प्रमुख समुद्री पत्तन

C. एक प्रमुख हवाई पत्तन

D. एक मेगा नगर

इन लक्षणों की पहचान करिए और प्रत्येक लक्षण के सामने खींची गई रेखा पर उसका सही नाम लिखिए ।

(26.2) दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 11 पर) में निम्नलिखित की स्थिति उपयुक्त चिह्नों द्वारा दिखाइए और उनके नाम लिखिए :

(i) सबसे कम जनसंख्या घनत्व वाला राज्य

(ii) जम्मू और कश्मीर राज्य में स्थित सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क

(iii) केरल में स्थित प्रमुख समुद्री पत्तन

**Note :** *The following questions are for the* ***Blind Candidates*** *only, in lieu of Q. No. 26.*

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिहीन परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या 26 के स्थान पर हैं ।*

(26.1) Which country has the largest population in Europe ?

(26.2) Name the mega city of Argentina.

(26.3) Which state of India has the lowest density of population ?

(26.4) Name the Software Technology Park located in the state of Jammu and Kashmir.

(26.5) Which is the major seaport in the state of Kerala ?

*5×1=5*

(26.1) यूरोप के किस देश की जनसंख्या सबसे अधिक है ?

(26.2) अर्जेंटाइना के मेगा नगर का नाम बताइए ।

(26.3) भारत के किस राज्य में जनसंख्या घनत्व सबसे कम है ?

(26.4) जम्मू और कश्मीर राज्य में स्थित सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क का नाम बताइए ।

(26.5) केरल राज्य में प्रमुख समुद्री पत्तन कौनसा है ?

For question no. 26.2

प्रश्न सं. 26.2 के लिए

## Outline Map of India (Political)

## भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)

